राप्ती बैराज के पास 1.469 किलो चरस के साथ युवक गिरफ्तार

श्रावस्ती। जनपद में नशे के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत मल्हीपुर पुलिस ने एक युवक को 1 किलो 469 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक चन्द्रकेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी भिनगा भरत पासवान के पर्यवेक्षण में थाना मल्हीपुर पुलिस ने यह कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर राप्ती बैराज के निकट पुलिया नंबर-1 के पास एक युवक को पकड़ा गया। तलाशी लेने पर उसके पास से 1 किलो 469 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जाबिर पुत्र मुकद्दम, निवासी बढ़ईपुरवा, थाना मल्हीपुर, जनपद श्रावस्ती बताया। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर थाना मल्हीपुर में मु0अ0सं0 94/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक महेन्द्र कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विनायक सिंह, उपनिरीक्षक आलोक चन्द्रा, हेड कांस्टेबल सुनील कुमार, हेड कांस्टेबल मनीष शर्मा तथा कांस्टेबल प्रमोद कुमार शामिल रहे।

नेपाल के पौवा होटल में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सीमा सर्वेक्षण टीम-3 की द्वितीय बैठक में मौजूद डीएम अन्नपूर्णा गर्ग (मध्य में) व एसपी राहुल भाटी (दाएं से तीसरे) • सूचना विभाग

सीमा स्तंभों की जांच के बाद होगी मरम्मत और पुनर्स्थापना

नेपाल के पौवा होटल में दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक में बनी सहमति, डीएम श्रावस्ती को तीसरी टोली का सौंपा गया नेतृत्व

जागरण संवाददाता • श्रावस्ती: भारत-नेपाल सीमा का निर्धारण करने के लिए स्थापित स्तंभों की जांच के बाद मरम्मत व पुनर्स्थापना होगी। मंगलवार को नेपाल के पौवा होटल में दोनों देशों के अधिकारियों की बैठक में इस पर सहमति बनी। इस कार्य के लिए बनी संयुक्त सर्वेक्षण टीम-03 का नेतृत्व जिलाधिकारी श्रावस्ती को सौंपा गया है।

जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग ने बताया कि नेपाल के पौवा होटल में भारत-नेपाल सीमा सर्वेक्षण की द्वितीय बैठक संपन्न हुई। इसमें बलरामपुर के जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन, श्रावस्ती के पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी, बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार, सिद्धार्थनगर के उच्चाधिकारी और नेपाल राष्ट्र के अधिकारी शामिल हुए। दोनों राष्ट्रों के मध्य सीमा सर्वेक्षण की बैठक में बताया गया कि भारत-नेपाल सीमा उत्तर प्रदेश में जनपद बहराइच, श्रावस्ती, बलरामपुर, सिद्धार्थनगर और महराजगंज जिलों में पड़ती है। यहां अंतरराष्ट्रीय सीमा स्तंभों का निर्माण किया गया था।

इनकी पुनर्स्थापना,मरम्मत और जांच उत्तर प्रदेश भू-स्थानिक निदेशालय लखनऊ व सर्वेक्षण की संयुक्त टीम की ओर से किया जाता है। शासन से टीम-3 का नोडल अधिकारी/टीम लीटर डीएम श्रावस्ती को नामित किया है। इनके पर्यवेक्षण में यह कार्य संपन्न होगा।